प्रादेशिक समाचार

दिनांक–19.09.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्म दो दिवसीय दौरे पर आज आ रही हैं रांची, आइसीएआर के शताब्दी समारोह में कल होंगी शामिल, सुरक्षा के किये गये व्यापक प्रबंध।
2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में एक साथ चुनाव कराने के मंत्रिमंडल के फैसले को भारतीय लोकतंत्र को जीवंत और सहभागी बनाने की दिशा में बताया महत्वपूर्ण कदम।
3. झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी सह केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा– एक राष्ट्र एक चुनाव होने से देश आर्थिक और लोकतांत्रिक रूप से होगा मजबूत, कांग्रेस–झामुमो ने केंद्र के फैसले का किया विरोध।
4. झारखंड हाईकोर्ट ने संथाल में घुसपैठ मामले में गलत जानकारी देने को बताया दुर्भाग्यपूर्ण, केंद्रीय गृह सचिव और झारखंड के मुख्य सचिव घुसपैठियों की जांच के लिए उच्चस्तरीय समिति बनाने पर लेंगे निर्णय।

******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर आज रांची आ रही हैं। वे यहां नामकुम स्थित आईसीएआर के शताब्दी समारोह में मुख्य अतिथि होंगी।

राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान के निदेशक अभिजीत कर ने बताया कि राष्ट्रपति संस्थान के वैज्ञानिकों के साथ चर्चा में हिस्सा लेंगी।

इधर राष्ट्रपति के आगमन और उनकी सुरक्षा को लेकर कड़े प्रबंध किये गये हैं। सुरक्षा में छह आईपीएस, 10 पुलिस उपाधीक्षक, 25 इंस्पेक्टर, 20 सब इंस्पेक्टर समेत दो हजार जवानों को तैनात किया गया है। वहीं राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर रांची शहर की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। आज शाम 5 बजे से रात के साढ़े आठ बजे तक सभी बड़े, छोटे मालवाहक वाहनों, बसों, सवारी वाहनों का प्रवेश और परिचालन वर्जित रखा गया है।

******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि देश में एक साथ चुनाव कराने पर उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों को मंत्रिमंडल द्वारा स्वीकार करना भारतीय लोकतंत्र को और भी जीवंत और सहभागी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने इस प्रयास का नेतृत्व करने और विभिन्न हितधारकों से परामर्श करने के लिए पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की सराहना की। इधर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णन ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव के तहत दो चरणों में चुनाव होंगे।

******************

इधर झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी सह केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने केंद्रीय मंत्रिमंडल से एक राष्ट्र एक चुनाव को मंजूरी दिये जाने के फैसले को ऐतिहासिक फैसला बताया है।

वहीं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक राष्ट्र एक चुनाव के प्रस्ताव मंजूरी मिलने पर खुशी जतायी है। उन्होंने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविद की अध्यक्षता में गठित उच्चस्तरीय समिति के सुझाव के आधार पर केंद्रीय मंत्रीमंडल ने प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

प्रदेश कांग्रेस ने एक राष्ट्र एक चुनाव की नीति को भाजपा का चुनावी मुद्दा बताया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन के बहाने भाजपा ने जो दावे किये हैं वह सिर्फ आईवॉश है।

झामुमो ने भी एक राष्ट्र एक चुनाव का विरोध किया है। पार्टी प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि केंद्र के इस फैसले से देश की राजनीतिक पृष्ठभूमि खराब हो सकती है। उन्होंने केंद्र पर विपक्ष को समाप्त करने की योजना लाने का आरोप लगाया है।

******************

राज्य के गृह सचिव ने कहा है कि महिलाओं और बच्चों के साथ यौन उत्पीड़न के बढ़ते मामलों को रोकने के लिए स्कूल प्रबंधन के साथ मिलकर उपाय किया जायेगा। इस मामले में सुनवाई के दौरान उन्होंने समय की मांग की, जिसे स्वीकार करते हुए अदालत ने विस्तृत सुनवाई के लिए 30 सितंबर की तारीख तय की।

******************

झारखंड हाई कोर्ट ने संथाल परगना क्षेत्र में बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में कहा कि उपायुक्तों की ओर से घुसपैठ नहीं होने की गलत जानकारी दिया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया तुषार मेहता ने कहा कि केंद्रीय गृह सचिव और मुख्य सचिव संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठियों की जांच को लेकर उच्चस्तरीय कमेटी बनाने के संबंध में निर्णय लेंगे। वहीं केंद्र सरकार ने शपथ पत्र दाखिल कर कहा है कि एनआरसी के माध्यम से बांग्लादेशी घुसपैठियों को वापस भेजा जा सकता है।

******************

कमीशनखोरी से प्राप्त बड़ी रकम की मनी लाउंड्रिंग करने के मामले में आरोपी पूर्व मंत्री आलमगीर आलम, निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम समेत आठ आरोपियों की न्यायिक हिरासत अवधि पीएमएलए कोर्ट ने बढ़ा दी है। अदालत ने अगली पेशी की तारीख 24 सितंबर निर्धारित की है।

******************

हजारीबाग अपनी प्राकृतिक सुंदरता के साथ साथ खेती के लिए पूरे देश में जाना जाता है।

******************

राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। इस सिलसिले में धनबाद में झारखंड और बंगाल के चार जिलों के पुलिस अधीक्षक ने विधि व्यवस्था के लिए इंटर स्टेट पुलिस मीटिंग की।

******************

रामगढ़ के सीसीएल तोपा परियोजना स्थित एसबीआई एटीएम को तोड़कर अपराधियों ने 23 लाख रुपए चोरी कर ली। जिले के पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने कहा है कि अपराधियों को जल्द पकड़ लिया जायेगा।

******************

हजारीबाग जिले में विष्णुगढ़ के लक्ष्मी नर्सिंग होम के संचालक परशुराम प्रसाद की हत्या मामले में पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। जिसमें लातेहार के बालूमाथ थाना अंतर्गत सेरेगढ़ा निवासी उमेश कुमार पांडेय और हजारीबाग के कोर्रा थाना क्षेत्र का धनु पासवान है।

******************

और अब अखबारों की सुर्खियां

झारखंड से प्रकाशित अखबारों ने वन नेशन वन इलेक्शन को केंद्रीय कैबिनेट से मंजूरी मिलने की खबर को पहली सुर्खी बनायी है। हिंदुस्तान अखबार ने झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ पर ईडी की जांच शुरू होने की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

प्रभात खबर ने घुसपैठ मामले में राज्य सरकार के हवाले से लिखा है –घुसपैठ सिर्फ झारखंड का मुद्दा नहीं, केंद्र के साथ करेंगे बैठक।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– राष्ट्रपति आज शाम आएंगी रांची, कल आईसीएआर के शताब्दी समारोह में होंगी शामिल।

दैनिक जागरण ने पहले पेज पर एनपीएस वात्सल्य से जुड़ी खबर को जगह दी है।

**************